प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. कविता में किनके जैसे चमकने और दमकने की बात कही गई है ?
प्रश्न 2. बच्चा नभ, शशि, धरती और पर्वत से क्या–क्या लेने की अभिलाषा करता है ?
प्रश्न 3. बच्चा किसके पथ पर फूलों के जैसे बिछने की अभिलाषा करते हैं ?
प्रश्न 4. बच्चा सूरज और चंदा के समान चमकना क्यों चाहता है ?
प्रश्न 5. फूलों में क्या गुण होता है ? बच्चा फूलों से किस गुण को लेना चाहता है ?
प्रश्न 6. किस पक्षी का कौन–सा गुण बच्चा अपनाना चाहता है ?
प्रश्न 7. कविता में तुम्हें कौन–सी पंक्तियाँ अच्छी लगीं ? कारण बताते हुए उत्तर लिखो।
प्रश्न 8. ऐसे दो फूलों के नाम लिखो जिन्हे तुम जानते हो ?
प्रश्न 9. तुम दूसरों की भलाई के लिए कौन – कौन से कार्य करना पसंद करोगे ?
प्रश्न 10. तुम्हारी क्या बनने की अभिलाषा है ?

प्रश्नोत्तर

उत्तर (1): कविता में सूरज जैसे चमकने और तारों के जैसे दमकने की बात कही गयी है ।

उत्तर (2): बच्चा नभ से निर्मलता , शशि से शीतलता , धरती से सहनशक्ति और पर्वत से दृढ़ता लेने की अभिलाषा रखता है ।

उत्तर (3): बच्चा सेवा के पथ पर फूलों के जैसे बिछने की अभिलाषा करता है ।

उत्तर (4): सूरज अपनी रोशनी से दिन को और चन्दा अपनी रोशनी से रात को प्रकाशित करता है इसलिए बच्चा सूरज और चंदा के सामान चमकना चाहता है ।

उत्तर (5): फूलों में खुशबू होती है जो चारो तरफ के वातावरण को महकाती है इस गुण को बच्चा फूलों से लेना चाहता है ।

उत्तर (6): बच्चा कोयल पक्षी की तरह मधुर वाणी को अपनाना और आसमान में परिंदों की तरह उड़ना चाहता है ।

उत्तर (7): कविता में पंक्ति " सूरज सा चमकू मैं , चन्दा सा चमकू मैं, जगमग जगमग उज्जवल तारों सा दमकू मैं , मेरी अभिलाषा है " मुझे सबसे अच्छी लगी क्योंकि इस पंक्ति में अपना नाम दुनिया में रोशन करने को कहा गया है ।

उत्तर (8): दो फूल गुलाब और गेंदा जो हमारे आस पास हमेशा दिखाई देते है ।

उत्तर (9): हम दूसरों की भलाई के लिए उनकी सहायता उनके जरुरत के समय करने का प्रयास करेंगे ।

उत्तर (10): हमारी भविष्य में एक अच्छा इंसान बनने की इच्छा है ।

1 वृक्षों से हमें क्या लाभ हैं ?
2 पशु हमारे लिए कितने उपयोगी हैं ?
3 किताबों का हमारे लिए क्या उपयोग है ?

प्रश्नोत्तर

1. **वृक्ष से हमें छाया और फल मिलता है ।**
2. **पशु हमारे लिए बहूत उपयोगी है । उनसे हमें दूध , खाद और परिवहन इत्यादि सुविधाए मिलती है ।**
3. **किताबों से हमें जीवन में शिक्षा और संस्कार मिलती है ।**

प्रश्न 1 इन शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो।
सूरज, चंदा, फूल, विहग, नभ, धरती, पर्वत, मेघ।

सूरज = रवि , भास्कर , दिनकर , प्रभाकर

चन्दा = चाँद , चन्द्रमा , शशि , सुधाकर

फूल = पुष्प , सुमन, सारंग , गुल

विहग = पक्षी , खग, चिड़िया

नभ = आकाश , गगन , आसमान

धरती = पृथ्वी , धरा , भू

पर्वत = गिरि , पहाड़ , अचल , शिखर

मेघ = बादल , जलद , घन , नीरद

प्रश्न 2 नीचे बने चौखाने में कुछ शब्द और उनके विलोम शब्द दिए गए हैं। इन्हें छाँटकर अलग–अलग लिखो

धरती, शीतल, स्थिर, सहनशील, उष्ण, आकाश, अस्थिर,

धरती = आकाश

शीतल (ठंडा) = उष्ण (गर्म)

स्थिर = अस्थिर

सहनशील = असहनशील

फूलों का क्या–क्या उपयोग किया जाता है ? सोचकर अपनी कॉपी में लिखो।

उत्तर = फूलों का उपयोग भगवान् के चरणों में अर्पण करने में, श्रद्धांजलि देने में , इत्र बनाने में , बालो में लगाने में , माला बनाने में इत्यादि स्थानों पर प्रयोग किया जाता है ।

अमित पाण्डेय